दिन– सोमवार

दिनांक– 09 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों से किया संवाद। सफलता के लिए अनुशासन पर बल दिया।

02 बिहार विधानसभा ने वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट को ध्वनि मत से पारित किया।

03. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा– पार्टी में संगठन सर्वोपरि है और कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं।

04. और, शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के चौथे चरण के आयोजन की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने पटना किया प्रदर्शन।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी किए गए दूसरे वीडियो में उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर बातचीत की। श्री मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षाओं के अलावा जीवन कौशल, खेल, रचनात्मकता तथा आत्म–विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन की आवश्यकता पर बल दिया।

–––बाइट–––

अगर अनुशासन है ही नहीं, तो कितने ही इन्सपरेशन होगा, तो वो इन्सपरेशन किस काम का। मान लीजिए कि एक किसान है, उसको प्रेरणा मिल रही है बगल वाला किसान बहुत फसल कर रहा है। इन्सपरेशन है यार लेकिन ये जोतेगा नहीं और बारिश आ गई फिर वो कुछ भी करें, उसकी हालत खराब ही रहेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी पर निर्भर होने के बजाय इसका बुद्धिमानी से उपयोग करना चाहिए।

–––बाइट–––

हमे किसी चीज से डरना नहीं चाहिए। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम उसके गुलाम नहीं बनेंगे। मैं अपने जीवन में मैं ही निर्णायक रहूंगा वह मेरा मालिक नहीं बनेगा। जैसे कुछ बच्चों का है कि मोबाइल उनका मालिक बन गया है। अगर मोबाइल नहीं है तो खाना नहीं खा सकता है, टीवी नहीं है तो जी नहीं सकता।

प्रदेश के सभी जिलों में विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देखा।

———————————————————————————

विधानसभा ने आज वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट को ध्वनि मत से पारित कर दिया। बजट पर हुई चर्चा का जबाव देते हुए वित्तमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि बजट समावेशी और विकसित बिहार बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा। श्री यादव ने कहा कि बिहार देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में राज्य की विकास दर चौदह दशमलव नौ प्रतिशत रहने की संभावना है।

———बाइट———

वित्तमंत्री श्री यादव ने कहा कि सात निश्चय तीन के तहत सरकार ने समाज के हर वर्ग की बेहतरी के लिए काम करने का लक्ष्य रखा है।

———बाइट———

श्री यादव ने कहा कि कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए चौथे कृषि रोड मैप की शुरूआत की गई है। साथ ही किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत की जायेगी। अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेगे। श्री यादव ने कहा कि बिहार को पूर्वी भारत का टेक हब बनाया जायेगा। वित्तमंत्री ने कहा कि राज्य में बंद पड़ी चीनी मिलों को शुरू किया जायेगा और नये मिलों की स्थापना की जायेगी। श्री यादव ने कहा कि हर प्रखंड में डिग्री महाविद्यालय खोले जायेंगे। साथ ही पुराने और प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जायेगा।

वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार ने बजट में लोगों की आमदनी दोगुनी करने, रोजगार के नये अवसर बढ़ाने, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत संरचनाओं के निर्माण

और लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई उपाय किये हैं। इधर, सरकार के उत्तर के क्रम में राजद और कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने बजट में झूठे आंकड़े पेश करने का आरोप लगाते हुए सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। इससे पहले चर्चा में भाग लेते हुए राजद के आलोक मेहता और अन्य सदस्यों ने आरोप लगाया कि बजट में कुछ भी नया नहीं है। इसमें विकसित बिहार के लिए रोड मैप का अभाव दिखता है। इससे पहले सदन में वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया गया। इसका आकार बारह हजार एक सौ पैंसठ करोड़ रुपये से अधिक है। अनुपूरक बजट पर भी सदन ने अपनी मोहर लगाई।

इधर, आज भोजनावकाश से पहले विधानसभा में प्रश्नोत्तरकाल की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। पारू विधायक शंकर प्रसाद के एक प्रश्न के उत्तर में प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सरकार के पास किसी नये प्रखंड, अनुमंडल और जिला बनाने का प्रस्ताव नहीं है।

———बाइट———

दिनारा विधायक आलोक सिंह के एक सवाल के जवाब में गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मुखिया और प्रमुख समेत पंचायत प्रतिनिधियों को हथियार का लाइसेंस साठ दिनों के अंदर देने के लिए गृह विभाग जल्द ही दिशा निर्देश जारी करेगा।

———बाइट———

विधान परिषद में आज विपक्षी दलों ने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर जमकर हंगामा किया। पहली पाली की कार्यवाही मात्र पन्द्रह मिनट जबकि दूसरी पाली की  बीस मिनट ही चल सकी। जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई राजद के अब्दुल बारी सिद्दीकी ने दरभंगा में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या का मामला उठाया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के इस्तीफे की मांग की। इसपर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जिनके शासनकाल में महिलाओं के लिए कुछ नहीं हुआ वे वर्तमान सरकार पर सवाल खड़े कर रहें हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए कई काम किए हैं।

———बाइट———

हंगामा बढ़ता देख उपसभापति डॉक्टर रामवचन राय ने परिषद की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी। भोजनावकाश के बाद जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई वैसे ही एक बार फिर सदन में हंगामा शुरू हो गया। राजद ने दरभंगा मामले को लेकर चर्चा की मांग की। इस पर सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सूचना ग्रहण करने और नियमानुसार बैठक कर इस पर सरकार से सहमति लेकर विशेष चर्चा कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके बाद सदन में विपक्षी सदस्यों ने फिर नारेबाजी शुरू कर दी। इसी दौरान भाजपा के देवेश कुमार ने नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की, जिसके बाद हंगामा और बढ़ गया। राबड़ी देवी ने कहा कि देवेश कुमार को माफी मांगनी चाहिए। हंगामा बढ़ता देख सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी।

———————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा है कि पार्टी में संगठन सर्वोपरि और कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। श्री नवीन आज पटना में पार्टी द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता से पार्टी अध्यक्ष तक का उनका सफर दिखाता है कि भाजपा में कार्यकर्ताओं का कितना सम्मान है। उन्होंने कहा कि हमें राजनीति करने से पहले सामाजिक बनने की आवश्यकता है।

———बाइट———

श्री नवीन ने कहा कि कुछ पार्टियां स्वयं से शुरू होकर स्वयं पर खत्म हो जाती हैं। ऐसे राजनीतिक दलों से किसी प्रकार की उम्मीद रखना बेईमानी है।

———बाइट———

अभिनंदन समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकार्ता मौजूद थे। इधर भाजपा अध्यक्ष

नितिन नवीन का आज पटना पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कल श्री नवीन विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेंगे। इसके बाद वे अपने विधानसभा क्षेत्र बांकीपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

---

पूर्णियां सांसद पप्पू यादव की जमानत याचिका पर आज होने वाली सुनवाई टल गई है। पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अदालत में आज कोई कामकाज नहीं हो सका। पप्पू यादव फिलहाल बेउर जेल में बंद हैं।

---

शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के चौथे चरण का आयोजन जल्द से जल्द कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने आज पटना में प्रदर्शन किया। पटना कॉलेज से प्रदर्शन की शुरूआत हुई। अभ्यर्थी जे.पी गोलंबर जाना चाह रहे थे लेकिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पहले ही रोक दिया। इस दौरान अभ्यर्थियों और पुलिस के बीच तीखी नोंकझोंक भी हुई प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बीपीएससी में इस वर्ष होने वाली परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है लेकिन इसमें शिक्षक नियुक्ति परीक्षा का कोई उल्लेख नहीं है। इससे लगता है सरकार इस परीक्षा को टालना चाहती है।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने गयाजी सदर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार को पचास हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार प्रखंड विकास पदाधिकारी योजना पास कराने लिए घूस ले रहा था।

---

खसरा–रूबैला रोग के उन्मूलन के लिए आज से प्रदेश के चिन्हित एक सौ दस प्रखंडों में विशेष टीकाकरण अभियान की शुरूआत हुई। इस वर्ष के अंत तक इन बीमारियों को खत्म करने के लक्ष्य के साथ अभियान की शुरूआत की गई है।

———————————————————————————

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल ने बुजुर्ग मरीजों के लिए जेरियाट्रिक ओपीडी की शुरूआत की है। इसके तहत वृद्ध मरीजों को एक ही छत के नीचे ही सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह मिल सकेगी। अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर राजीव कुमार सिंह ने बताया कि अभी यह ओपीडी मेडिसीन विभाग के तहत संचालित है। आने वाले समय में इसके लिए अलग वार्ड की स्थापना की जायेगी।

———————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में सुबह और शाम के समय ठंड की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ किशनगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। आज सुबह मोतिहारी और सुपौल में घने कोहरे की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों तक तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———————————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों से किया संवाद। सफलता के लिए अनुशासन पर बल दिया।

02 बिहार विधानसभा ने वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट को ध्वनि मत से पारित किया।

03. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा– पार्टी में संगठन सर्वोपरि है और कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं।

04. और, शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के चौथे चरण के आयोजन की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने पटना किया प्रदर्शन।

———————————————————————————

समाप्त